# समाचार वाणी
खबर जो करें असर !

नाशिक | Thursday, 24 September 2026


# कुटुंब डिजाइन नोहर पर भूमि विकास बैकं के चेयरमैन राजेद्रं सिहाग का सम्मान।


Publisher Published on 04 Jun 2025





## इंजीनियर गोपाल स्वामी ने किया माल्यार्पण एवं स्मृति चिन्ह भेटं, क्षेत्र के लिए बताया गौरव का विषय।

सवांदाता,नोहर,

हनुमानगढ़,राजस्थान

**नोहर, हनुमानगढ़, 4 जून 2025:** नोहर के प्रतिष्ठित **संस्थान कुटुंब डिजाइन, जिला हनुमानगढ़** में **भूमि विकास बैकं** के चेयरमैन **श्री राजेद्रं सिहाग** का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस मौके पर इंजीनियर **गोपाल स्वामी** ने **माल्यार्पण कर** और **स्मृति चिन्ह** भेंट कर चेयरमैन सिहाग का अभिनंदन किया।

इंजीनियर गोपाल स्वामी ने कहा कि **यह पूरे क्षेत्र के लिए गर्व की बात** है कि हमारे जिले का एक व्यक्ति राज्यस्तरीय संस्था का प्रतिनिधित्व कर रहा है। उन्होंने श्री सिहाग के नेतृत्व की सराहना करते हुए कहा कि इससे जिले के विकास कार्यों को नई दिशा मिलेगी।

**चेयरमैन सिहाग ने जताया आभार**

सम्मान समारोह में **राजेद्रं सिहाग** ने कुटुंब **डिजाइन टीम** और **इंजीनियर गोपाल स्वामी** का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह **स्नेह** और **विश्वास** ही उनकी सबसे बड़ी पूंजी है। उन्होंने विश्वास दिलाया कि वह किसानों और ग्रामीण क्षेत्रों के लिए पूरी निष्ठा से काम करेंगे।

**प्रमुख अतिथि एवं गणमान्य नागरिक रहे मौजूद**

इस सम्मान समारोह में बार संघ के **पूर्व अध्यक्ष सुरेश गोदारा, अमर सिंह सहारण, अनिल सेवग एडवोकेट** सहित कुटुंब डिजाइनिंग के कर्मचारी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। सभी ने **श्री सिहाग को शुभकामनाएं दीं** और **क्षेत्र के विकास** में उनके योगदान की सराहना की।

ऐसी ही देश और दुनिया की बड़ी खबरों के लिए फॉलो करें: www.samacharwani.com

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.